सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
ज्येष्ठ 26, सोमवार, *शाके* 1947- जून 16, 2025 *Jyaistha 26, Monday, Saka 1947- June 16, 2025*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

उद्योग एवं वाणिज्य (ग्रुप-2) विभाग

आज्ञा

जयपुर, अप्रेल 09, 2025

संख्या प.1(16)उद्योग/ग्रुप-2/2018 :-भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम-2006 की धारा 20 में निहित प्रावधान के अनुसरण में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के विलम्बित भुगतान के प्रकरणों के निस्तारण हेतु पूर्व जारी समसंख्यक आज्ञा दिनांक 12.05.2023 द्वारा राज्य में कार्यरत 14 सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषदों को यथावत रखते हुए, नवीन गठित 3 संभागों- पाली, बांसवाड़ा एवं सीकर हेतु संभाग स्तरीय सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषदों का गठन को निरस्त किया जाकर राजस्व (ग्रुप-1) विभाग की अधिसूचना क्रमांक प.9 (21) राज-1 /2024-(10) दिनांक 29.12.2024 के अनुसार इनमे सम्मिलित जिलों को पूर्ववत मूल सम्भागों में सम्मिलित किया जाता है।

महिपाल कुमार,
उप शासन सचिव।

6284

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।